Seat No. : _______________

MC-127

March-2019

B.A., Sem.-I

CC-101 : Hindi

(आधुनिक हिन्दी कविता)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें ।

(2) निम्नलिखित प्रश्न 1 और 2 (ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न 3 और 4(ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या **एक–दो** वाक्य में दीजिए ।

1. (अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की मुकरियाँ में व्यक्त व्यंग्य पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित 'सखि, वे मुझसे कहकर जाते' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ब) (1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को पिता माना जाता है । **4**

(a) प्रयोगवाद (b) प्रगतिवाद

(c) आधुनिक गद्यकाल (d) छायावाद

(2) हिन्दी में सर्वप्रथम पहेलियाँ किसने लिखीं ?

(a) कबीर (b) भारतेन्दु

(c) रैदास (d) अमीर खुसरो

(3) यशोधरा के पति का नाम क्या है ?

(a) राहुल (b) छंदक

(c) सिद्धार्थ (d) शुद्धोधन

(4) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाश कौन से सन् में हुआ ?

(5) 'पंचवटी' के रचनाकार का नाम लिखिए ।

(6) 'तीन बुलाए तेरह आवै' पंक्ति में किस समस्या को भारतेन्दुजी ने उठाया है ?

2. (अ) पठित कविताओं के आधार पर प्रसादजी की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए । **14**

अथवा

'जूही की कली' कविता का भावार्थ अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए ।

(ब) (1) प्रसाद रचित महाकाव्य है **4**

(a) रामायण (b) महाभारत

(c) कामायनी (d) पद्मावत

(2) 'चंद्रगुप्त' ऐतिहासिक नाटक के रचनाकार हैं ।

(a) निराला (b) प्रसाद

(c) पंत (d) माखनलाल चतुर्वेदी

(3) 'सरोज स्मृति' शोकगीत के कवि हैं ।

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी (b) महादेवी वर्मा

(c) जयशंकर प्रसाद (d) सुमित्रानंदन पंत

(4) 'असंख्य कीर्ति-रश्मियाँ' किस काव्य की पंक्ति है ?

(5) 'गुरु हथौड़ा हाथ, करती बार-बार प्रहार' ये पंक्ति किस कविता से ली गयी है ?

(6) 'कौन लेगा भार यह ? कौन विचलेगा नहीं ?' ये पंक्ति के कवि कौन हैं ?

3. (अ) पंत रचित 'प्रथम रश्मि' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

पठित कविताओं के आधार पर महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए ।

(ब) (1) पंतजी की सर्वप्रथम प्रकाशित रचना है । **3**

(a) तितली (b) रश्मिबंध

(c) पल्लव (d) तारापथ

(2) महादेवी को किस कविता के लिए 'सेक्सरिया पुरस्कार' मिला ?

(a) यामा (b) रश्मि

(c) निहार (d) नीरजा

(3) प्रकृति के सुकुमार कवि कहे जाते हैं ।

(a) जयशंकर प्रसाद (b) सुमित्रानंदन पंत

(c) सूर्यकांत त्रिपाठी (d) माखनलाल चतुर्वेदी

(4) "रहने दो हे देव ! अरे, यह मेरा मिटने का अधिकार ।।" – ये पंक्ति किस शीर्षक से ली गयी है ?

(5) पंतजी की 'मौन निमंत्रण' कविता किस काव्य-संग्रह में संग्रहित है ?

4. (अ) सुभद्राकुमारी चौहान की कविता 'ठुकरा दो या प्यार करो' का मूल भाव लिखिए । **14**

अथवा

'पुष्प की अभिलाषा' कविता में व्यक्त राष्ट्र प्रेम पर प्रकाश डालिए ।

(ब) (1) 'बिखरे मोती' सुभद्राकुमारी चौहान लिखित कौन सी विधा है ? **3**

(a) काव्य संग्रह (b) उपन्यास

(c) कहानी संग्रह (d) नाटक

(2) सुभद्राकुमारी चौहान का जन्म कहाँ हुआ था ?

(a) प्रयाग (b) वाराणसी

(c) अल्मोड़ा (d) झाँसी

(3) 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से हिन्दी साहित्य में विख्यात हैं ।

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) जयशंकर प्रसाद

(c) निराला (d) माखनलाल चतुर्वेदी

(4) 'तुम न खेलो ग्राम-सिंहों में, भवानी' – ये पंक्ति किस कविता से ली गयी है ?

(5) 'कर्मवीर' पत्रिका का प्रकाशन – किस कवि ने किया ?